# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 08.06.2021**

**सोशल मीडिया सेल**

## श्रीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया वाँछित अभियुक्त




आज दिनाँक 08.06.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तो के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 श्रीनगर श्री संजय कुमार शर्मा द्वारा गठित टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 66/21 धारा 308/323/504/506/34 भादवि व 3(1)द,ध, 3(2)5क, SC/ST ACT** के वांछित अभियुक्त **1.** लाखन पुत्र रामकिशुन यादव उम्र 46 वर्ष **2.** लल्ला उर्फ ओमप्रकाश पुत्र देवी सिंह उम्र 27 वर्ष, निवासीगण ग्राम पिपरामाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. लाखन पुत्र रामकिशुन यादव उम्र 46 वर्ष
2. लल्ला उर्फ ओमप्रकाश पुत्र देवी सिंह उम्र 27 वर्ष

निवासीगण ग्राम पिपरामाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश
2. कां0 तेज सिंह

# पनवाड़ी पुलिस ने 54 अदद अवैध क्वाटर शराब सहित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



दिनाँक 07.06.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में चलाये जा अवैध शराब की बरामदगी अभियान के तहत प्र0नि0 पनवाड़ी श्री विजय कुमार सिंह द्वारा गठित 02 टीमों द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण 1. रत्नेश कुमार पुत्र मलखान सिंह उम्र करीब 38 वर्ष निवासी नौगांव फदना रोड कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा 2. धरम पाल श्रीवास पुत्र गिरधारी श्रीवास उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। **जिनके कब्जे से क्रमशः 26-28 अदद क्वाटर अवैध शराब बरामद की गई।** जिनके विरुद्ध थाना हाजा पर **मु.अ.सं. क्रमशः 116/2021 व 117/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत** कर विधिक कार्यवाही की गई।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. रत्नेश कुमार पुत्र मलखान सिंह उम्र करीब 38 वर्ष निवासी नौगांव फदना रोड कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा।
2. धरम पाल श्रीवास पुत्र गिरधारी श्रीवास उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1- व0उ0नि0 श्री अनुरुद्ध प्रताप सिंह
2- उ0नि0 श्री सदानन्द सिंह
3- कां0 राहुल तिवारी
4- कां0 यदुवेन्द्र सिंह
5- कां0 मुनीष कुमार
6- कां0 राघवेन्द्र सिंह

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 08.06.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गई जनसमस्याऐं







आज दिनाँक 08.06.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपने समस्याओं को लेकर आये फरियादियो की समस्याओं को बारी-बारी से सुना गया एवं उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांकः- 08.06.2021**

# महोबा पुलिस

**सोशल मीडिया सेल**

## अपराध नियत्रंण हमारी पहली प्राथमिकता- एस.पी.

## पुलिस लाइन में आयोजित अपराध गोष्ठी में थाना प्रभारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश




आज दिनाँक 08 जून 2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराधसमीक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन महोबा में किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर कर्मचारियों की समस्याओं का जाना और उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया, गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों को निम्नलिखित आदेश-निर्देश दिये गये-

1. अवैध शराब की बिक्री तथा निष्कर्षण में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों/ थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
2. जनता की समस्याओं को नम्रतापूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाये।
3. पुरुस्कार घोषित हिस्ट्रीशीटर / जेल से रिहा अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी की जाये।
4. अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शस्त्र लाइसेन्स धारकों के शस्त्र लाइसेन्स के निलम्बन व निरस्त करने की अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. थानाक्षेत्रों में संदिग्ध स्थान चिन्हित कर वाहन चेकिंग की जाये साथ ही बैंक/एटीएम/ सर्राफा व्यापारियों के आसपास चेकिंग की जाये।

6. प्रतिदिन पैदल गश्त करके जनता मे सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराया जाये साथ ही इसके प्रति जागरूक किया जाये।

7. महिला सम्बंधी / एससी एसटी से संबंधित अपराधों का त्वरित विधिक निस्तारण किया जाय।

8. महिला हेल्प डेस्क को सुव्यवस्थित रखने तथा नियमानुसार जाँच करने के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

9. थानो/ अपराध शाखा में लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाये ।

10. गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही की जाये तथा थानो पर गुमशुदगी रजिस्टर का अवलोकन कर पूर्व में गुमशुदा लोगो की तलाश में तेजी लायी जाय।

11. अवैध शराब, जुआ एवं शस्त्र बरामदगी के सम्बंध में निर्देश दिये गये।

12.आई.जी.आर.एस में प्राप्त सूचनाओं समय से निस्तारण किया जाय

13. प्रत्येक हल्का प्रभारी / आरक्षी अपने-अपने हल्का / बीट मे नियमित रुप से भ्रमणशील रहते हुये जानकारी एकत्र करे जिससे प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

**14. जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी रविवार को अपने-अपने थानों पर थाना स्टाफ के साथ सफाई अभियान चलायें।**

15.वाहन चोरी/गैगंस्टरएक्ट/संगीन अपराधों में वाछिंत अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाय।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राम प्रवेशराय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश सिंह,क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तजबहादुर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थिति रहे।







# महोबा पुलिस



## जनपदीय पुलिस द्वारा पैदल गस्त करके क्षेत्रवासियों को कोविड-19 संक्रमण से बचाव के तरीके बताये गये



आज दिनाँक 08.06.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में पैदल गस्त करके वैश्विक महामारी **कोविड-19** संक्रमण के प्रसार को रोकने एवं क्षेत्रवासियो को संक्रमण से बचाव हेतु तरीके बताये गये, जिसमें लोगो को सदैव मास्क का प्रयोग करने व 02 गज की दूरी बनाये रखने एवं बहुत जरुरी होने पर ही घरो से बाहर निकलने को कहा गया साथ ही अपने हाथो को समय-समय पर पानी/साबुन से धोते रहने एवं सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु लोगो को प्रेरित किया गया। साथ ही समस्त थानो द्वारा भी पैदल गस्त के दौरान लोगो से उक्त नियमो का पालन करने की अपील की गई।

यातायात नियमो के उल्लंघन पर **31 ई-चालान व** कोविड-19 नियमो के उल्लंघन पर **31 व्यक्तियों से 5100/-रु0 शुल्क वसूला गया।**

